an>

Title: Regarding stopping of terrorist activities by Pakistani terrorists on Indian border.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : धन्यवाद उपाध्यक्ष जी। देश में सीमा पार बढ़ रही आतंकवादी गतिविधियां चिन्ताजनक हैं। पंजाब के गुरूदासपुर एवं ऊधमपुर की हाल की घटनाएं इसके उदाहरण हैं। इन घटनाओं से एवं जिन्दा पकड़े गए आतंकवादी कासिम ने जिस प्रकार से जानकारी दी है, उससे स्पÂट है कि इन आतंकी गतिविधियों में पाकिस्तान का सीधा हाथ है। बड़ी संख्या में आतंकी पाकिस्तान सीमा से हमारी सीमा में घुसकर यहां वार करते हैं और दहशतगर्दी पैदा करते हैं। हमारे जवान अपनी शहादत देकर ऐसी घटनाओं को रोकने का प्रयास करते हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि राÂट्रीय मंच पर पाकिस्तान की कारगुजारियों को उजागर करने हेतु विशेÂा अभियान चलाया जाना चाहिए और पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए, सीमा पार चल रहे आतंकी अड्डों को नÂट करने की पूरी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे पाकिस्तान ऐसी जुर्रत न कर सके और हमारे यहां ऐसी आतंकवादी गतिविधियां रुक सकें। धन्यवाद।